हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



**खबर संक्षेप**



## राज्यपाल की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण विभाग की बैठक

**रायपुर।** राज्य प्रबंधन समिति की 15वीं बैठक राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में राजभवन शुक्रवार को हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं के विषय में चर्चा की गई। राज्यपाल को मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बालवृक्ष भेंट किया। बैठक में पदम सिंह शेखावत, मनोज पिंगुआ, सतीश कुमार, विक्रम हिरू, राजभवन के नियंत्रक संजय विश्वकर्मा, मेजर जनरल संजय शर्मा (सेनि), विंग कमांडर ए. श्रीनिवास राव (सेनि) एवं टीआर साहू शामिल हुए। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई बिदुओं पर निर्णय लिए गए। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि बैठक में लिए गए निर्णयों से भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके परिजन लाभान्वित होंगे।

## निबंध स्पर्धा में देवाशीष प्रथम, अदिती द्वितीय



**रायपुर।** सुशासन दिवस के अवसर पर नालंदा परिसर व पाथ आईएएस एकेडमी ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता में नालंदा परिसर के विद्यार्थी देवाशीष पटेल प्रथम, अदिती द्वितीय व सेंट्रल लाइब्रेरी के विद्यार्थी लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में नोडल अधिकारी केदार पटेल, आशीष मिश्रा, पाथ निदेशक डॉ. योगिता हुड्डा समेत सेंट्रल लाइब्रेरी व नालंदा परिसर के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक शाम साईं वसण शाह के नाम 14 को

**रायपुर।** एक शाम साईं वसण शाह के नाम कार्यक्रम का आयोजन 14 जनवरी को इलेवन स्टार ग्राउंड संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में होने जा रहा है। साईं वसण शाह सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश मिरघानी, सुभाष बजाज व गौरव मंधानी ने बताया कि साईं वसणशाह के जीवन में हुए चमत्कारों व मानव सेवा का वर्णन सूफी भजन व दिव्य सत्संग के माध्यम से किया जाएगा। साईं वसणशाह दरबार उल्हासनगर मुंबई के गद्दीनशीन संत साईं कालीराम प्रवचन देंगे।



## नारी शक्ति ने रामधुन की फेरी का संभाला मोर्चा



**रायपुर।** अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पास आते जा रहा है वैसे ही साईं नगर जोरा में श्रीराम जय जय राम की रामधुन वाली रैली महिलाओं की अगुवाई में जोर पकड़ते जा रही है। इसी क्रम में द्रौपदी सूर्यवंशी, वंदना बिसेन, विनीता बिसेन, मालती राय, चंपा चंद्राकर और नीतू सिंह आदि राम नाम में रम रही हैं। पुरुष वर्ग में समिति के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, छगनलाल साहू, मिथिलेश श्रीवास्तव, छोटेलाल ठाकुर, देवनारायण चंद्राकर, श्यामसुंदर राय, एनएस पटेल, रविंद्र शर्मा, मोहित यादव और डी. सुरेश आदि संध्या फेरी में शामिल होकर राम नाम का सशक्त संचार कर रहे हैं।

# राजस्व संबंधी 12 हजार से अधिक प्रकरण लंबित, कलेक्टर ने कहा- तेजी से करें निराकरण

**पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण नामांतरण, बटांकन, सीमांकन सहित अन्य कई प्रकरणों की संख्या कम होने की जगह लगातार बढ़ रही है। अब तक जिलेभर में राजस्व संबंधी 12 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। नवनियुक्त कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आम जनता से जुड़े राजस्व कार्यों का त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए।

रायपुर कलेक्टर का कार्यभार संभालने के बाद डा. सिंह ने अब विभागों की समीक्षा बैठक लेनी शुरू कर दी है। कार्यभार संभालने के दूसरे दिन उन्होंने राजस्व विभाग की बैठक ली, जिसमें संबंधित अधिकारियों व तहसीलदारों से राजस्व प्रकरणों को लेकर जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने लंबित प्रकरणों की जानकारी भी कलेक्टर को दी। इस पर कलेक्टर ने सभी तहसीलों के एसडीएम को लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने अधीनस्थ एवं मैदानी राजस्व अमलों से समय पर प्रतिवेदन प्राप्त करने तथा निरंतर दौरा कर नामांतरण के पंचायत में लंबित प्रकरणों का भी समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता दिलाना सीधा आम जनता से जुड़ा विषय है। इस पर संवेदनशीलता से कार्य करें और हितग्राहियों को नियमानुसार जल्द मुआवजा देने के लिए भी कहा।



### पटवारियों के दफ्तर में बैठने का दिन तय करने के निर्देश

*कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पटवारियों को कार्यालय में बैठने का दिन निर्धारित कराएं तथा इस संबंध में पंचायत की दीवार पर तारीख चस्पा कराएं, ताकि आम लोग भी जरूरत के अनुसार तय तारीख के दिन पटवारी से मिलकर अपना प्रकरण का निराकरण करा सकें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों का हल्कावार समीक्षा करने के साथ कोई भी प्रकरण अपंजीकृत ना हो, इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, बीसी साहू सभी एसडीएम सहित राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-तहसीलदार उपस्थित थे।*

### आवंटित बंगलों का काम पूरा होने के बाद होंगे हैंडओवर

# सरकारी बंगले में जाएंगे भूपेश, साफ सफाई के बाद इसी महीने होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार द्वारा आवंटित नए बंगले में जाएंगे। बताया गया है कि इस बंगले की साफ-सफाई का काम चल रहा है। इसके बाद जैसे ही बंगले का काम पूरा होगा, वे यहां शिफ्ट हो जाएंगे। दूसरी ओर सरकार के मंत्रियों को भी बंगलों का आवंटन किया गया है, लेकिन ये बंगले अभी मंत्रियों के हिसाब से तैयार नहीं हुए हैं। बंगले तैयार होने के बाद इन्हें मंत्रियों को हैंडओवर किया जाएगा। इसके बाद शिफ्टिंग होगी।

### भूपेश के बंगले में काम जारी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आवंटित सिविल लाइंस स्थित बंगले में दो-तीन दिनों से साफ सफाई का काम जारी है। बताया गया है कि लंबे समय से खाली पड़े इस बंगले में काफी गंदगी और कचरा जमा हो गया था। बताया गया है कि सफाई का काम पूरा होने के बाद इंटीरियर का कुछ काम किया जाना है। श्री बघेल के करीबियों के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री इस माह के तीसरे सप्ताह तक नए आवास में शिफ्ट हो सकते हैं।



### मंत्रियों को बंगले हैंडओवर नहीं

*इधर भाजपा सरकार के दो उपमुख्यमंत्रियों समेत अन्य मंत्रियों को सरकारी बंगले आवंटित किए गए हैं, लेकिन कोई भी मंत्री अभी तक नए बंगलों में शिफ्ट नहीं हुआ है। बताया गया है कि लगभग सभी मंत्रियों के आवास में साफ-सफाई और आंतरिक सज्जा का काम किया जा रहा है। यही कारण है कि अब तक किसी मंत्री ने शिफ्टिंग नहीं की है। इस बीच जानकारी मिली है कि मंत्री लखन लाल देवांगन को पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का बंगला दिया गया है। यह बंगला आवंटित होने के समय ही यहां उनके समर्थकों ने पोस्टर लगवाए थे। अभी भी यहां काम चल रहा है, लेकिन बंगले के एक कक्ष में श्री देवांगन का ऑफिस चल रहा है। वे यहां कुछ समय के लिए बैठते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पूर्व विधानसभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का बंगला मिला है। बताया गया है कि इस बंगले में साफ-सफाई और आंतरिक सज्जा की स्थिति बेहतर है, लेकिन डॉ. महंत ने बंगला खाली नहीं किया है। बताया गया है कि जैसे ही डॉ. महंत को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मिले बंगले का काम पूरा हो जाएगा, वे नई जगह पर शिफ्ट होंगे। तब उनके बंगले के खाली होने के बाद डॉ. रमन सिंह विधानसभाध्यक्ष के बंगले में जाएंगे।*

### श्याम बिहारी के बंगले पर विवाद

भाजपा सरकार के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया का बंगला दिया गया है, लेकिन इस बंगले को लेकर विवाद है। श्री जायसवाल ने आरोप लगाया है कि बंगले का काफी सामान गायब है। इस मामले को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू का बंगला उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को आवंटित है, इस बंगले में भी सफाई और अन्य छोटे कार्य किए जा रहे हैं। इसी तरह मंत्री ओपी चौधरी के बंगले में भी काम किया जा रहा है। बताया गया है कि सभी आवंटित बंगलों का काम पूरा होने के बाद लोक निर्माण विभाग विधिवत मंत्रियों को बंगले हैंडओवर करेगा, इसके बाद शिफ्टिंग होगी।

# पॉवर कंपनी ने नए चेयरमैन दयानंद बोले- प्रदेश को ऊर्जा के मामले में बनाएंगे नंबर वन



आईएएस पी. दयानंद ने कार्यभार संभालने ही ली मैराथन बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए चेयरमैन आईएएस पी. दयानंद ने शुक्रवार को डगनिया के मुख्यालय में अपना पदभार संभालते ही अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा के मामले में नंबर वन बनाने का काम होगा। वे पॉवर कंपनी के 12वें चेयरमैन बने हैं।

श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों की बैठक में प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा और जल से विद्युत उत्पादन संबंधित प्रस्ताव तैयार करने कहा। सेवा भवन में श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्च अधिकारियों की अलग-अलग बैठक ली। लगभग तीन घंटे चली बैठक में सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने कंपनी की उपलब्धियों और संरचना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर

*डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 62 लाख उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में अधिकतम डिमांड 6157 मेगावाट तक पहुंची है, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के पूरी की गई। वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने जानकारी दी कि प्रदेश में जनरेशन कंपनी की कुल क्षमता 2978.7 मेगावाट है। जनरेशन कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत संयंत्र और अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत संयंत्र मड़वा पूरी क्षमता से बेहतर विद्युत उत्पादन कर रहे हैं, जिससे बिजली की उत्पादन लागत में कमी आई है।*


**कारोबारी को बंधक बनाकर लूट की कोशिश**

# सिख युवक की कृपाण देख बदमाश भागने को हुए विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने में एक कारोबारी ने पांच अज्ञात बदामाशों के खिलाफ बंधक बनाकर लूट की नीयत से उसके सिर पर पेचकस से हमला कर घायल करने की शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाशों ने गुरुवार को डुमरतराई से घर जा रहे कारोबारी को बंधक बनाकर लूट की कोशिश की थी। रास्ते से गुजर रहे एक सिख युवक की मौके पर पहुंचने पर बदमाश अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। सिख युवक ने अपनी कृपाण की मदद से कारोबारी की जान बचाने के साथ उसे लुटने से बचाया। पुलिस के मुताबिक कारोबारी कपिल बलेचा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बंधक बनाकर लूटने की कोशिश करने की शिकायत दर्ज कराई है। कपिल ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह रात के समय दुकान बंद करने के बाद कमल विहार स्थित अपने घर जा रहा था। देवपुरी कमल विहार गेट के पास ऑटो सवार अज्ञात बदमाश उसे जबरन अपने ऑटो में बैठाकर अपने साथ ले गए और हाथ में रखा रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। बैग नहीं छीन पाने पर बदमाशों ने उसके सिर पर पेचकस से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया।

- टिकरापारा थाना क्षेत्र में घर जा रहे कारोबारी को लूटने पांच बदमाशों ने बंधक बनाया



### 'हिम्मत' की हिम्मत देख घबराकर भागे बदमाश

बदमाश अपनी ऑटो में कारोबारी को बंधक बनाकर जब ले जा रहे थे, तब कारोबारी मदद के लिए शोर मचाने लगा। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे हिम्मत सिंह नाम के युवक ने ऑटो का पीछा किया और ऑटो को ओवरटेक किया। बदमाशों ने हिम्मत सिंह को भी डराने की कोशिश की। इतने में हिम्मत ने अपनी कमर में बंधा कृपाण निकालकर बदमाशों को दौड़ाया। कृपाण देख मौके से तीन बदमाश कारोबारी को छोड़ भाग गए। दो बदमाश कारोबारी को अपने गिरफ्त में रखे थे। अपने साथियों के भागते देख शेष दो बदमाश भी हिम्मत हार गए और वो भी मौके से भाग गए। पुलिस बदमाशों की पतासाजी करने आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने की बात कह रही है।

# चार साल के मासूम के हार्ट में ब्लॉकेज, नई जिंदगी की खातिर लगाना पड़ा पेसमेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी और खेलकूद के दौरान जल्दी हांफने की शिकायत पर अस्पताल पहुंचे चार साल के बच्चे के हार्ट में ब्लॉकेज की समस्या थी। जन्म से मिली इस परेशानी की वजह से उसका पल्स रेट 40 से 50 बीट प्रति मिनट तक आ गया था। नई जिंदगी की खातिर उसे पेसमेकर लगाना पड़ा जो 22 हजार में किसी एक बच्चे को जरूरत पड़ती है। इसके लिए उसे पूरी तरह बेहोश करना पड़ा।

- बार-बार होती थी सर्दी-खांसी, खेलने के दौरान जल्दी हांफ जाता था
- 22 हजार प्रकरणों में केवल एक को पड़ती है जरूरत, जोखिम भरा मामला

बच्चे की बीमारी की जानकारी होने के बाद माता-पिता उसे एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट लेकर आए थे, जहां जांच के बाद कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव ने उसे पेसमेकर लगाने का फैसला लिया। उम्र के साथ उसका वजन भी काफी कम था इसलिए यह शल्य प्रक्रिया काफी जोखिमभरी थी, जो बिना एनीस्थिसिया विशेषज्ञ के संभव नहीं थी। बच्चे को एनेस्थेटिक की मदद से पूरी तरह बेहोश कर यह प्रक्रिया पूरी करनी पड़ी। पेसमेकर लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्चा अब स्वस्थ है। इस पूरी प्रक्रिया को डा. श्रीवास्तव के साथ डॉ. प्रतीक गुप्ता, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. तान्या छौड़ा, सीनियर टेक्नीशियन आईपी वर्मा, जितेन्द्र, खेम सिंग, नीलिमा, निशा, मेडिकल सोशल वर्कर खोगेन्द्र साहू एवं डेविड ने मिलकर पूरा किया।



### भविष्य का रखा ध्यान

डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि पेसमेकर लगाने के दौरान बच्चे के भविष्य को भी ध्यान में रखा गया है। बच्चे की उम्र के साथ उसके हृदय का आकार भी बढ़ेगा इस दौरान पेसमेकर के तार में खिंचाव आएगा। इसे ध्यान में रखते हुए तार में एक्स्ट्रा लूप डालकर छोड़ा गया है। कैथलैब में फ्लूरोस्कोपी की सहायता से लेफ्ट सबक्लेवियन वेन को पंक्चर करके राइट वेंट्रिकल एपेक्स में पेसमेकर लीड डाला गया। सुई और तार की साइज बड़ी रहती है, इसलिए बच्चे के हार्ट को नुकसान होने की आशंका थी।

### बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग के डाक्टरों द्वारा ब्लाकेज की समस्या से हर आयु वर्ग के लोगों को निजात दिलाया जा चुकी है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यहां चार साल के मासूम बच्चे से लेकर 102 साल के बुजुर्ग के हृदय में पेसमेकर का सफलता पूर्वक प्रत्यारोपण किया जा चुका है। यहां के कैथलैब में बेहद जटिल और दुर्लभ तरीके की उपचार प्रक्रिया अपनाकर मरीजों को बीमारी से निजात दिलाई जा चुकी है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने गाय को रौंदा, चालक पर अपराध दर्ज

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जयस्तंभ चौक में शनिवार सुबह सड़क किनारे बैठी एक गाय को लापरवाह ट्रक चालक ने रौंद दिया। हादसे में गौमाता की पशुचिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। गौरक्षकों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि घटना निवार सुबह करीब 8 बजे की है। जयस्तंभ चौक के पास बैठी एक गाय को ट्रक क्रमांक जीएन 25 यू 8747 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया, इससे गाय की मौत हो गई। गौरक्षक की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सप्ताह भर के भीतर सड़क दुर्घटना में गाय की मौत होने की यह दूसरी घटना है, जबकि जिले के अन्य सड़कों में छोटी-छोटी घटनाओं से गायों के घायल होने की जानकारी लगातार सामने आ रही है। सड़क दुर्घटनाओं में गाय की मौत और घायल होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।व्यस्तम मार्गों में बैठे रहने वाले घुमंतू गायों को उनके मालिक को सौंपने या फिर गौशाला व कांजी हाउस में रखने की जरूरत है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व गौरक्षक सहित जिला प्रशासन को इस गम्भीर समस्या को संज्ञान में लेकर पहल करने की आवश्यकता है।

पेज 13 के शेष...

### जवाहर नवोदय विद्यालय...

उसी भाषा में परीक्षा प्रश्न पत्र दिया जाएगा, उसमें कोई बदलाव संभव नहीं होगा। यदि किसी अभ्यर्थी की जन्म तिथि, लिंग या वर्ग में कोई परिवर्तन है तो वह प्रामाणिक दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप से प्राचार्या, जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के कार्यालय से संपर्क करें। विस्तृत जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### राजस्व संबंधी भ्रष्टाचार की...

अर्जन के लंबित प्रकरणों की कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण किया जावे। भू-अर्जन प्रकरण में पारित अवार्ड पश्चात मुआवजा राशि के भुगतान की कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जावे । आर.बी.सी. 6-4 एवं सड़क दुर्घटना के प्रकरणों को तत्काल तैयार कर प्रेषित करे एवं राशि स्वीकृति उपरांत भुगतान की कार्यवाही करे । स्वामित्व योजना अंतर्गत मेप-1, मेप-2 का सत्यापन एवं प्रारंभिक एवं अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण किया जाने के निर्देश दिए हैं । जिलाधीश ने कहा की राजस्व संबंधी मामले में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर अनुशानात्मक कार्यवाही की जावेगी ।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

पिकरीपार में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने 14

अरमरीकला व पिकरीपार पहुंची विकसित भारत संकल्प 14


## कचरा मुक्त शहर की दिशा में आगे बढ़ी नगर पंचायत बेरला, ओडीएफ प्लस व जीएफसी में स्टार रैंकिंग

### आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सर्वेक्षण में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शहर में स्वच्छता की स्थिति को परखने अनेक मानकों पर प्रति वर्ष मूल्यांकन किया जाता है ।इस वर्ष भी शहर में जीएफ़सी (कचरा मुक्त शहर) स्टार रेंटिंग ओ.डी.एफ़ (खुले में शौच मुक्त) प्लस तथा स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग हेतु भारत सरकार की टीम के द्वारा मूल्यांकन किया गया। इस सर्वेक्षण में नगर पंचायत बेरला का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। निकाय को भारत सरकार द्वारा ओ.डी.एफ़. प्लस तथा जी.एफ़.सी. में स्टार रैंकिंग प्राप्त होने से शहर में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बेरला नगर के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे एवं उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू ने नगर वासियों को बधाई दी तथा स्वच्छता के कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और सहयोग प्रदान करने अपील भी की। नगर पंचायत बेरला के इस परिणाम का श्रेय मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे ने शहर के नागरिकों, महिला स्व सहायता समूहों, स्वच्छता दीदियों तथा सफाई में संलग्न स्वच्छता प्रभारियों को दिया। श्री दुबे ने बताया कि पिछले एक वर्ष से जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वच्छता में नागरिकों को जोड़ने अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं तथा प्रत्येक वार्ड में लगातार विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। इससे नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है।

#### दिया जाता है निर्देश

नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर वनीष दुबे ने टीम गठित कर नोडल अधिकारी मयंक राठौड़ के मार्गदर्शन में सख्ती से पालन करने निर्देशित किया है, जिसकी प्रतिदिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया जाता है।



#### 3 निकायों को मिली सफलता

उक्त परिणाम में छत्तीसगढ़ के 169 निकायों में 45 निकायों को जी.एफ़.सी. स्टार रैंकिंग में सफलता हासिल हुई है। बेमेतरा जिले के 8 निकायों में केवल 3 निकायों जिसमें नगर पंचायत बेरला, नगर पालिका परिषद् बेमेतरा एवं नगर पंचायत साजा को सफलता मिली है। सर्वेक्षण का परिणाम आना अभी बाकि है, जिसमें नगर पंचायत बेरला को उत्कृष्ट परिणाम की उम्मीद है।

### खबर संक्षेप



#### कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने राजस्व मंत्री टंकराम से की भेंट

**बेमेतरा।** क्षेत्र के कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने बलौदा बाजार के विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से भेंट मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान आगामी 11 फरवरी को कुर्मी दिवस मनाने को लेकर चर्चा कर रूपरेखा तय की। इस अवसर पर बेमेतरा क्षेत्र के केंद्रीय अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष राजा वर्मा, कोषाध्यक्ष शेखर वर्मा, युवाध्यक्ष योगेश वर्मा, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजा वर्मा, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह वर्मा, कमलेश वर्मा, बिजेंद्र वर्मा, नेमीचंद वर्मा इत्यादि सम्मिलित रहे।

#### ग्राम दमई मोहलई में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



**बेमेतरा।** विधानसभा के ग्राम दमई मोहलई में गुरु घासीदास बाबा जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा शामिल हुए। उनके साथ हर्षवर्धन तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने जोड़ा जैतखाम और पूज्य गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र में नारियल पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह के बीच अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा गुरुघासी ने सत्य के मार्ग पर चलकर मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया। हम सब को उनके बताए सत्य के मार्ग में चलना होगा, तभी उनके बताए उपदेश सार्थक होगा। कार्यक्रम में राकेश शर्मा ,विकास तम्बोली ,योगेश वर्मा ,गौरव साहू ,नंदू राठी ,गोलू कोसले, संजय निषाद ,रोहित टंडन, दरबारी साहू जनपद सदस्य, निर्मला देवी सरपंच बिहारी, राजेश शर्मा, मोहित नोरंगे, गेंदराम, संतराम डेरहा, कृष्णा विशाल ,नेगदास ,सुखदास, भगवती ,वीरेन्द्र साहू ,झुमुक साहू ,ईश्वरीय बाई ,जानकी निषाद सहिंत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

#### राजस्व संबंधी भ्रष्टाचार की शिकायतों पर करें तत्काल कार्रवाई : कलेक्टर

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गत दिवस केबिनेट की बैठक आयोजित की गई थी । जिसमें राजस्व एंव आपदा विभाग की प्रमुख बातों पर चर्चा की गई। उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से राज्य में आम जनता हेतु राजस्व संबंधित मामलो का सुगमतापूर्वक निराकरण एवं भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिस पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में राजस्व विभाग से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं जिसमें कहा हैं की पटवारियों की मुख्यालय में उपस्थिति का दिवस सुनिश्चित किया जाय एवं ग्राम पंचायत भवन में बैठक की तिथि एवं दिवस लेखन किया जाय। अविवादित नामांतरण / अविवादित बंटवारा / सीमांकन / डायवर्सन /वृक्षकटाई आदि मामलों को समय सीमा में निराकृत किया जावे । लंबित विवादित नामांतरण/बंटवारा एवं अन्य राजस्व के प्रकरणों को समय-सीमा मे निराकृत किया जावे । राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित किये जाने के पश्चात अभिलेख (खसरा, बी-1 एवं नक्शा) दुरूस्ती तत्काल किया जावे। आम नागरिकों/कृषकों को भूमि संबंधी दस्तावेज / दस्तावेजो की नकल/ऋण पुस्तिका / बिकी छांट नक्शा चौहद्दी नकल इत्यादि की उपलब्धता समय-सीमा मे किया जावे । भू- ▶▶शेष पेज 12 पर

### अभियान : मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा तेलगा कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को बांटी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ बेरला के ग्राम पंचायत तेलगा पहुंचा। यहां प्रधानमंत्री का देश की जनता के नाम संबोधन प्रस्तुत किया गया और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित शासकीय योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से स्क्रीन पर दिखाया गया । इस अवसर पर सभी मंचस्थ अतिथिगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं समस्त ग्रामीणजनों के द्वारा विकसित भारत एवं स्वच्छता की शपथ ली गई । इसी क्रम में नवपदस्थ कलेक्टर रणबीर शर्मा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुये और नागरिकों को जानकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाली लाभार्थियों से मिले एवं कार्यक्रम मे शासकीय विभागों द्वारा लगायी गई जानकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का निरिक्षण किया। जिलाधीश ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताया तथा पात्र लोगों को सामग्री भी भेंट की ।

मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बतायी गई । विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं किट प्रदाय किया गया । इस अवसर पर खाद्य विभाग द्वारा उज्ज्वला योजना अतंर्गत गैस सिलेंडर, हेल्थ विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प, सीकल सेल, एनीमिया जांच किया गया । राजस्व विभाग द्वारा बी 1, नक्शा खसरा का वितरण, सी एस सी द्वारा आधार अपडेशन शिविर, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवास, पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन का स्टॉल लगाया गया । कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती के सम्बंध में जानकारी दी गई व हितग्राहियों को बीज़ किट प्रदाय किए गए । नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवाओं का पंजीयन किया गया । बैंक द्वारा अपने लगाए गए स्टॉल में जनधन, मुद्रा लोन, बीमा के सम्बंध में जानकारी दी गई ।



इस अवसर पर कृषि विभाग से 5 आवेदन, मत्स्य विभाग से 03 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास से 140 आवेदन, पेंशन से 07 आवेदन, राजस्व से 06, उज्वला योजना से 93 हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया गया, इसके साथ ही डिजिटल भुईया के तहत अभिनन्दन पत्र वितरण किया गया । कुल 140 आवेदन विभिन्न विभागों में प्राप्त हुए जिसमें 181 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया । लंबित 59 आवेदन को एक सप्ताह के अंदर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमंडावी, एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा, जनपद पंचायत सीईओ बेरला पिंकी मनहर, जनपद पंचायत के सदस्य व जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच, विभाग के कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे-आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

## शातिर बाइक चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में घूम-घूमकर दोपहिया पार करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन बाइक, अनुमानित कीमत करीब 3,50,000 बरामद किया है। शनिवार को प्रार्थी प्रकाश सलूजा निवासी बेमेतरा ने शिकायत दर्ज कराया कि 4.09.23 को रात्रि में इसके घर के सामने से इनका बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी-25-एम-2644 पार हो गया है। वहीं 12 नवम्बर को प्रार्थी देवानंद मोटवानी निवासी वार्ड नं. के 04 परशुराम चौक के पास बेमेतरा ने भी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 07 नवम्बर 2023 को दुकान बंद करके अपने मोटर सायकल बुलेट रायल एनफिल्ड क्रमांक CG-04-एनयू-8905 को अपने घर के सामने लाक कर खड़ा किया था, जिसे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर में बाइक चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मुखबीर का जाल बिछाया गया। इसी क्रम में संदेही पोषण कौशिक पिता रामकुमार कौशिक 20 वर्ष निवासी दानी घठोली के संबंध में सूचना मिली। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने शहर में वाहन चोरी की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी किया है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई तीन मोटर साइकिल बरामद कर लिया है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिले के पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष की बैठक शनिवार को जिला प्रभारी नौरीन शम्सी उपस्थिति में हुई। उक्त बैठक में आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई। वहीं, हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता का भरपूर आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिलने पर आभार जताया गया । जिला अध्यक्ष आकिब मलकानी ने इस दौरान कहा कि जिस तरह प्रदेश में जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया, उसी तरह आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव होने हैं, जिसमें भी जनता भाजपा को अपना जनादेश देगी। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला प्रभारी ने पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर अभी से काम पर लग जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे संगठन को कैसे मजबूत करें, इस पर कार्य योजना बनाएं।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजीज बेग, हरजीत हूरा, बागु सचदेव, सैबी खुराना, अब्दुल्ला खान, अजीज कुरैशी सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 को

**बेमेतरा।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए कक्षा-6 में पंजीकृत अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र 15 दिसम्बर 2023 से ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं । जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित की जाएगी । चयन परीक्षा हेतु जनपद के चार खण्डों बेमेतरा, नवागढ़, साजा और बेरला में कुल 10123 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं जो कि 37 परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी। अभ्यर्थी खंडवार अपना प्रवेश पत्र कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी से भी प्राप्त कर सकते हैं । अभ्यर्थी ने आवेदन पत्र में जिस भाषा का चयन किया है ▶▶शेष पेज 12 पर

## नगर आगमन पर भाजपाइयों ने मंत्री बृजमोहन को लड्डुओं से तौला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल के प्रथम बेमेतरा जिला आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंत्री श्री अग्रवाल पारिवारिक कार्यक्रम के चलते एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर से कवर्धा जा रहे थे। जानकारी मिलने पर बेमेतरा के पुराना बस स्टैंड चौक के पास उनके समर्थक व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर फूल-मालाओं एवं लड्डुओं से तौलकर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ट भाजपा नेता प्रह्लाद रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान, पूर्व पीजी कॉलेज अध्यक्ष रविंद्र छाबड़ा ,अजय शर्मा, प्रदीप तिवारी, योगेश वर्मा ,राजा पांडेय, विकास तंबोली, रामानन्द त्रिपाठी, तुषार साहू, युगल देवांगन, रीना साहू, लक्ष्मी साहू, सहित भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।



स्वागत में की गई जोरदार आतिशबाजी

#### राष्ट्रीय स्तर की होगी शिक्षण व्यवस्था : बृजमोहन

भव्य स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस दौरान पत्रकारों के सवाल पर कहा कि अभी तो सरकार को बैठे मात्र 15 दिन हुए हैं, जिसमें हमने जनता के हित में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। आगे इंतजार कीजिए छत्तीसगढ़ सरकार और भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ में शिक्षण व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर के स्वरूप में सुधारने के लिए प्रयासरत हैं। यहां के छात्रों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए हम प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा जनता ने प्रदेश में भाजपा को सत्ता देकर माफिया राज, गुंडाराज जैसे कुशासन का खात्मा किया है।

### कलेक्टर शर्मा ने जल एवं स्वच्छता मिशन की ली बैठक

## जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों पर कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नल जल प्रदाय योजना के सभी कार्य में लाएं गति, समय सीमा में पूर्ण करें सभी कार्य

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टर कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित हुए। कलेक्टर शर्मा ने समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों में काफी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताई और मार्च 2024 तक सभी अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया । जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी क़ो कार्यो की ग्रामवार समीक्षा करने क़ो कहा और जिले में नलजल योजना की धीमी गति पर सभी एजेंसियों को तत्काल कार्य में गति लाते हुये सभी कार्य क़ो समय सीमा तक नल जल प्रदाय योजना के सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप समय सीमा में हर घर नल योजना को शत प्रतिशत हर घर तक पहुंचना हम सबका कर्तव्य है। अगर इसमें किसी के द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उसके साथ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में विभिन्न एजेन्डा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, निविदा आमंत्रण के पश्चात यू.एस.ओ.आर. दर से अधिक पर प्राप्त निविदाओं के लिए पूर्व में जारी प्रशासकीय स्वीकृति की निरंतरता में पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृत की अनुमोदन पर चर्चा, नलजल योजना/नलकूप खनन कार्य के लिए निविदाकारो की पूर्व योग्यता में पात्रता/अपात्रता एवं न्यूनतम दरों की स्वीकृति व अनुमोदन पर चर्चा, उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य के लिए चयनित स्थल विवाद पर चर्चा, आदि विषय सम्मलित थे, जिनके संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री शर्मा के द्वारा अन्य विषय जैसे आई.ई.सी. के द्वारा ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया जाना, कार्य की स्वीकृति एवं प्राप्त आबंटन के विरूद्ध भुगतान पर चर्चा की गई तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को जमीनी स्तर पर जाकर संबंधित क्षेत्र के जनपद पंचायत सी.ई.ओ., तहसीलदार, पंचायत सचिव एवं जनप्रतिनिधियों आदि के सहयोग टंकी निर्माण स्थल विवाद को सुलझाने हेतु निर्देश दिये गये।



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए 9 तक करें प्रमाण पत्र जमा

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में प्रवेशित 2023-24 के समस्त स्नातक / स्नातकोत्तर के नियमित छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार के घोषणा अनुसार कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कृषि विद्या निधि योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा। इसके लिए पात्र छात्र जो कि खेतीहर मजदूर परिवारों, सीमांत कृषक परिवारों एवं छोटे किसान परिवारों के अंतर्गत आते हैं उन्हें पटवारी से आय प्रमाणित कराकर महाविद्यालय में छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी मयंक कुमार मंडावी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य के पास 9 जनवरी तक जमा करना है। उक्तशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने दी।

### कोटगांव में मेला-मड़ई आज

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम कोटगांव में नए वर्ष के उपलक्ष्य में 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। विजय ठाकुर, तिलक ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### बरबसपुर में 10 को मड़ई

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बरबसपुर के साप्ताहिक बाजार में 10 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी, उक्त जानकारी सरपंच पति दिलीप मंडावी ने दी है।

### सकरौद में 13 को मड़ई

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सकरौद में 13 जनवरी को भव्य मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। वहीं रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी राजेश व अजीत निर्मलकर ने दी।

### 22 जनवरी को घरों में दीप जलाएं, दीपावली मनाएं

**गुरूर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का आगाज हो गया। क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोध्या जाने की तैयारी कर रहे हैं। उक्त वक्तव्य के संदर्भ में जिला मंत्री भाजपा बालोद नरेश साहू



ने बताया कि देशभर के पांच लाख से अधिक गांवों और चार हजार से अधिक शहरी इलाकों में अक्षत वितरण के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और भाजपा सहित संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के करीब चार लाख से अधिक कार्यकर्ता राम का निमंत्रण देने घर घर जाएंगे। उन्होंने लोगो से निवेदन करते हुए कहा की दिव्य–भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शंखनाद अयोध्या से पूरे देश में हो गया, अपने ग्रामों, घरों में भी 22 जनवरी को दीप जलाएं, फटाके फोड़े और एक बड़ी दीपावली इस दिन मनाएं, इसकी व्यापक तैयारी ग्रामों में भी होने लगी है।

## आयोजन : जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई, विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1403 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 100 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 70 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 515 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 161 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए 66 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा और देवारभाट तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना, कसहीकला, बिजौरा एवं सेम्हरडीह तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम डुडिया, गोरकापार एवं राहुद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम जेवरतला, पिकरीपार तथा अरमरिकला डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम नर्राटोला एवं खैरवाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

# अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

### जिले के विभिन्न स्थानों तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- चिखलाकसा नगर पंचायत में भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ माहला ने बताए लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की योजनाओं को देश के अंतिम पंक्ति, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। पूरे देश में यह यात्रा पहुंच रही है, यह केंद्रीय योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इसके अंतर्गत पूरे देश में सभी ग्राम पंचायतें, नगर पंचायतें और शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं। इसी तारतम्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के चिखलाकसा नगर पंचायत क्षेत्र में पहुंची, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं सरकारी अधिकारीगण मौजूद रहे। उक्त अभियान




के मंचीय उद्बोधन में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज का अंतिम पंक्ति का व्यक्ति और परिवार भारत सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ ले सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल के समस्त सदस्यों का आभार जिन्होंने ऐसी यात्रा का शुभारंभ कर सम्पूर्ण देश में केंद्रीय योजनाओं पर पारदर्शिता लायी। आज से 10 या 15 वर्ष पूर्व केंद्रीय योजनाएं तो चलती थी लेकिन अंतिम व्यक्ति को उस योजना के बारे में पता नहीं होता था या फिर उन्हें किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिलता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच एवं सूझबूझ से अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ काफी सुगमता से मिल रहा है। पहले हमने केंद्र की सारी योजनाओं में भ्रष्टाचार देखा है लेकिन आज पारदर्शिता के कारण यहां भ्रष्टाचार का नामोनिशान तक नहीं है। यह यात्रा एक ऐसी सोच की उपज है जो समाज एवं देश के अंतिम व्यक्ति की मनोभावना को समझता है और यह नरेन्द्र मोदी जी के विगत अनेकों वर्षों के सार्वजनिक जीवन मे किये गए प्रयासों का फल है।

## ग्राम पंचायत डुड़िया को मिला ओडीएफ प्लस प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत डुड़िया में जनपद पंचायत के समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। राजस्व, कृषि एवं पशुधन विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विभिन्न विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपने-अपने विभाग के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि, पवन सोनवर्षा महामंत्री मंडल अर्जुन्दा, गवींद्र साहू अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अर्जुन्दा, मुकेश साहू कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अर्जुन्दा, श्याम सुंदर साह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरपंच ललीता भुआर्य, सचिव तुलसी साहू एवं उपसरपंच पवन सिन्हा समस्त शिक्षक शिक्षिका पंचगण, रोजगार सहायक, कम्प्यूटर आपरेटर,एवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण,तथा ग्राम पंचायत के नागरिक गण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस प्रमाण पत्र प्रदान कर डस्टबिन का भी वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

### घीना में लगा शिविर



बालोद। ग्राम घीना में कलामंच के पास केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व जनकल्याण के लिए चलाई जा रही राज्य सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम घीना में हुआ। रूपसिंह रावटे ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोंण्डी लोहारा फिरता ऊके थे। अध्यक्षता डालचंद जैन ने किया। ग्राम पंचायत घीना सरपंच बिंद्रु तारम, निर्मला तारम, पुष्पा सेन, यशवंत देवदास उपस्थित थे।

## पिकरीपार में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने लिए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रत्येक लोगों तक पहुंचकर उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पिकरीपार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का आयोजन गांव के कलामंच में शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में ग्रामीणों को शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा



योजना, प्रधानमंत्री स्व निधी योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, स्वास्थ्य शिविर, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड प्रमुख है। हितग्राहियों से उक्त योजनाओं का लाभ प्रदाय किये जाने के लिए आवेदन लिया गया। साथ ही ग्रामीणों को उज्ज्वला योजना के तहत 05 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पौष्टिक आहार की लगाई गई प्रदर्शनी, बच्चों को किट वितरित

**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय के पास किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना द्वारा स्टाल लगाया गया था, जिसमें पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाई गई। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के निर्देशानुसार और प्रभारी परियोजना अधिकारी सीपी शर्मा के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। एसडीएम प्रतिमा ठाकरे ने स्टाल का निरीक्षण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोज राज नाग (पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर की उपस्थिति में 8 बच्चों का अन्नप्राशन, 5 महिलाओं की गोदभाराई, 8 बच्चों को स्वस्थ बालक/बालिका स्पर्धा का प्रमाण पत्र, कुपोषित/संकट ग्रस्त बच्चों को सुपोषण किट तथा 5 सामान्य बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक ज्योत्सना त्रिपाठी और नगर पंचायत की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी उपस्थित रहीं।

## अरमरीकला व पिकरीपार पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम अरमरीकला व पिकरीपार पहुंची। कार्यक्रम में जिला मंत्री भाजपा बालोद नरेश साहू भी आम जनों के साथ शामिल हुए। उन्होंने बताया कि यह यात्रा विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। नरेश साहू ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हमें उन कमजोर लोगों तक पहुंचना है, जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं, लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पाए हैं, उन तक हमें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार करना है और लाभ दिलाना है। यह अभियान राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के



विभिन्न मंत्रालयों, विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है। देश के नागरिकों के लाभ के लिए और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित पक्षों की यथासंभव व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम गांव गांव यात्री कर रहे हैं।

# टीआई ने बच्चों को सायबर क्राइम-पॉस्को एक्ट की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/कलंगपुर

- ग्राम बोदल में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर जारी

ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बोदल में चल रही है। 4 जनवरी को बौद्धिक परिचर्चा हुई, जिसमें रनचिराई थाना प्रभारी इंदिरा वैष्णव द्वारा एनएसएस के बच्चों को साइबर क्राइम, यातायात सुरक्षा एवं पॉस्को एक्ट के बारे में जानकारी दी गई साथ ही थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को उनके कार्यों को लेकर प्रोत्साहित किया गया। बौद्धिक परिचर्चा हेतु पद्म श्री सम्मान से सम्मानित शमशाद बेगम मुख्य अतिथि के तौर पर शिविर में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक और अडिग रहें, चाहे हमारे सामने कैसी भी कठिन परिस्थिति निर्मित हो। इस अवसर पर सरपंच तीरथ साहू, दीपक साहू, जनपद सदस्य टुवन साहू, प्रशांत साहू, प्राचार्य सुब्बाराव, बलराम अंगारे, कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू, अलका साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आनंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया पर्यावरण पार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल के कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को प्रकृतिक से रूबरू करवाने हेतु बालोद वन परिक्षेत्र पर्यावरण पार्क का भ्रमण कराया गया। जिसमें अनेक वनस्पतियों के नाम तथा उनके



उपयोग के बारे में बहुत ही विस्तार से वहां के अधिकारियों के द्वारा बताया गया। पर्यावरण पार्क में बच्चों को घूमने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती हेमलता उइके एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं डौंडीलोहारा के परिक्षेत्र अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस यात्रा में करीब 3 सौ बच्चों का ग्रुप यहां पहुंचा था।







